# गोसेवा व संतों के आशीर्वाद से ही लोगों की सेवा कर रहा हूं : मदन राठौड़

**जालोर**, (निसं)। श्रीगोधाम महातीर्थ पथमेडा की शाखा श्री मनोरमा गोलोक नंदगांव केसुआं में चल रहे श्री गोकरुणा चातुर्मास आराधना महोत्सव में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी एवं सांसद लुंबाराम चौधरी नंदगांव पहुंचे।

जहां उन्होंने परम श्रद्धेय गोऋषि स्वामी दत्तशरणानन्द महाराज और सुरजकुंड के महाराज सहित नंदगांव परिसर में चातुर्मास कर रहे सैंकडों संतों का आशीर्वाद लिया।

समन्वयक कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष राठौड ने आंध्रप्रदेश के ओंगोल से पधारी पुंगनुर नस्ल की वेदलक्षणा गोमाता के दर्शन कर गोपूजन किया। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष राठौड ने वेदलक्षणा गोमहिमा श्री भरत चरित्र कथा में पहुंचकर पोथी पूजाकर मलूक पीठाधीश्वर महाराज से आशीर्वाद लिया। नंदगांव परि मा के बाद उन्होंने कहा कि गोसेवा और संतों के आशीर्वाद से ही मुझे प्रदेश की जनता की सेवा करने का मौका मिला है। मेरा प्रयास रहेगा कि पार्टी और जनता की उम्मीद पर में खरा उतरूं। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि गौ सेवा के बीच में मेरा जीवन बीता है और पथमेडा, नंदगांव के गौ सेवा के इस प्रकल्प को देखकर मैं बहुत ही प्रभावित हूं। पथमेडा के हर प्रकल्प में मेरा मन से सहयोग रहेंगा।



**नंदगांव में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने गोऋषि स्वामी दत्तशरणानन्द महाराज व सूरजकुंड महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।** फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर गोवत्स विठ्ठल कृष्ण महाराज, संस्था के अध्यक्ष प्रदीप बंसल, महामंत्री अर्जुन सिंह तिवरी, प्रधान सचिव धनराज चौधरी, पूर्व प्रधान सचिव रघुनाथ सिंह, सीईओ आलोक सिंहल, गोसेवक दलपत पुरोहित मंडवारिया, जसराज जी वाली, भूराराम पुरोहित, श्रवण कुमार वराडा, रणछोड पुरोहित सहित संस्था के पदाधिकारी मौजुद रहे।

श्री गोकरुणा चातुर्मास आराधना महोत्सव में नंदगांव पहुंचे सिरोही के भाजपा पदाधिकारियों ने संतों के दर्शनकर नंदगांव परिक्रमा में भाग लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी, सांचौर जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, पिंडवाडा विधायक समाराम गरासिया, जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित, पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, पूर्व जिला प्रमुख पायल परसरामपुरिया, यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल माली सहित भाजपा के सैंकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वेदलक्षणा गोमहिमा श्री भरत चरित्र कथा में हजारों गोभक्तों को मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास जी महाराज ने अपने मुखारविंद से यह प्रमाणित बात है कि सर्वोत्तम आतिथ्य गाय ही कर सकती है। जिस भाग्यहीन व्यक्ति के घर में वेदलक्षणा देशी गाय नहीं है। उसे अतिथि सत्कार का भी अधिकार नहीं है। गव्य पादर्थ के बिना वो आतिथ्य नहीं कर सकता। प्राचीन परम्परा रही है जब काई पुज्य अतिथि आता था तो उसका सत्कार गाय लेकर किया करते थे। कथा से पूर्व सैंकडों संतों और हजारों गौभक्तों ने ठाकुर जी की पूजा अर्चना कर प्रभात फेरी, गौपूजन, रामचरित्र मानस मास पारायण पाठ और हरिहर पूजन में भाग लिया।

श्री गोकरुणा चातुर्मास आराधना महोत्सव में मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास महाराज, अवधेश चैतन्य महाराज, महंत चेतनानंद महाराज डण्डाली दत्तचेतनधुणा आबुराज, सुधानंद जी महाराज, रविंद्रानंद महाराज, बलदेवदास महाराज, गोवत्स विट्ठल कृष्ण महाराज, गोविन्द वल्लभ दास महाराज श्रीपतिधाम, ब्रह्मचारी मुकुंद प्रकाश महाराज, 121 दंडी स्वामी सहित कई जने मौजूद रहे।

# ब्राह्मण स्वर्णकार समाज महिला मंडल का स्नेह मिलन हुआ



**अखिल भारतीय ब्राह्मण स्वर्णकार समाज महिला मंडल की कार्यकारिणी की बैठक व स्नेह मिलन कार्यक्रम नाथद्वारा में प्रेम रतन बाड़मेरा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।** फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। अखिल भारतीय ब्राह्मण स्वर्णकार समाज महिला मंडल की कार्यकारिणी की बैठक व स्नेह मिलन कार्यक्रम नाथद्वारा में प्रेम रतन बाड़मेरा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती मंजुला सोनी की अध्यक्षता में महिला संस्था ने समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया। महिला संस्था ने नाथद्वारा में नाथूवास तालाब के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सभी सदस्य ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

संस्था के राष्ट्रीय कार्यक्रम के स्थान को लेकर विचार विमर्श किया गया, और स्थान का शीघ्र ही तय कर घोषणा की जाएगी। आयोजित कार्यक्रम में सरक्षक पाली की सुमन मंडोरा, राजेश्री लाडेनवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजुला सोनी, महामंत्री पूर्णिमा सोनी, कोषाध्यक्ष विमल सोनी, संगठन मंत्री पूजा कट्टा, खेल मंत्री सुप्रिया बाड़मेरा प्रचार मंत्री प्रमिला सोनी, सांस्कृतिक मंत्री हेमलताकाला मोनिका, संस्था के राजस्थान राज्य संयोजक हुकमी देवी मंडोरा जालौर सिरोही अध्यक्ष पूर्ण सोनी, पालीवाल सुशीला सोनी, विमला सोनी, ललित सोनी सहित 80 महिलाओं ने भाग लिया।

# हरियालो राजस्थान के तहत ईदगाह में पौधारोपण किया



**जालोर शहर के ईदगाह में सिलावट समाज ने पौधारोपण किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। मुख्यमंत्री सघन पौधारोपण महाअभियान के तहत एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत रविवार को सिलावट समाज के लोगों ने ईदगाह में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिकाधिक पौधारोपण करने की अपील की।

कार्यक्रम संयोजक सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत ईदगाह में सिलावट समाज के लोगों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर सभी ने एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत अधिकाधिक पौधारोपण करने की शपथ ली । वही बताया कि सुरक्षित भविष्य एवं स्वस्थ जीवन के लिए पौधारोपण करना अति आवश्यक है । ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास हरा भरा वातावरण बनाए रखना चाहिए और प्रकृति के प्रति सदैव कृतज्ञ रहकर इसकी रक्षा के लिए जागरूक रहना चाहिए। सभी ने एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

इस अवसर सिलावट समाज के लोगो ने सिलावट कब्रिस्तान के बगीचे में श्रमदान किया।।

ईकराम खान, इंसाफ अली , लियाकत अली, सलीम जावेद, मोहम्मद रफीक शेख , हबीब रहमान, मुस्ताक खान, राजू शेख , अब्दुल गफ्फार, ईमरान खान, ईरफान खान, हिदायत खान, आबाद अली, मोहम्मद इफ्तिखार हुसैन ,अनवर खान, जहांगीर खान, जानशेरखान ,मोहसिन अली, कासिम खान, अरमान खान, असलम डीका, आशिक नोहसीन, हमजा, हसू सहित समाज के लोग मौजूद थे।

## तारों से घायल हिरण को रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया

**धोरीमन्ना**, (निसं)। धोरीमन्ना क्षेत्र में कंटीले तारों से घायल हिरण को रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया।

गौतलब है कि फसल को बचाने के लिए खेतों के चारों ओर लगायी जा रही जाली व कंटीले तार हिरण की मौत का कारण बन जाते हैं।विचरते-विचरते हिरण बाङ वाले खेतों के पास भी आ जाते हैं और कुत्तों को अपनी ओर भागता देख ये दौङकर बचाव की कोशिश में कंटीले तार व जाली वाले खेतों में घुसने का प्रयास करते हैं।

इस दौरान जाली में फंस जाते हैं और घायल हो जाते यदि पीछे कुत्ते आ जाते हैं तो नोंच डाल देते हैं।

पर्यावरण प्रेमी जगदीश प्रसाद विश्नोई ने बताया कि घायल हिरण को कुत्ते निशाना बना सकते हैं वरना हिरण की दौड़ने की शक्ति तेंदुऐ की तरह तेज होती है और वे कुत्तों के काबू नहीं आ सकते हैं।

कई बार दौड़ते हिरण को खेत में लगे कंटीले तार दूर से दिखाई नहीं देते और उनसे टकराकर घायल हो जाते हैं। जाली में टक्कर लगने पर गिरते ही हिरण के पीछे दौड रहे कुत्ते दो पल की देरी होते ही उसे पकङ लेते हैं।

इस तरह घायल हिरण का रेस्क्यू कर पर्यावरण प्रेमियों ने प्राथमिक उपचार के बाद अपने निजी वाहन से मां अमृतादेवी वन्यजीव संरक्षण संस्थान कातरला को सुपुर्द कर मानवता का परिचय दिया।

# बांग्लादेश में हिदुओं के उत्पीड़न से विहिप में रोष




**विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंगलाल बागड़ा ने पाली में मंडिया रोड तारकेश्वर रामेश्वर सरस्वती स्कूल में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पिछले दिनों से बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर लगातार हो रहे हमलों, व उत्पीड़न की घटनाओं पर विश्व हिंदू परिषद गम्भीरता से दृष्टि बनाये हुए है। इस विषय पर विश्व हिन्दू परिषद केंद्रिय नेतृत्व ने पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से भेंट कर उन्हें बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अमानुषिक अत्याचारों पर भारत के हिन्दूसमाज की चिंता से अवगत कराया करवाकर उनकी सुरक्षा हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंगलाल बागड़ा ने आज पाली के एक दिवसीय प्रवास पर मंडिया रोड तारकेश्वर रामेश्वर सरस्वती स्कूल मे आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार इस इस विषय पर पूर्ण संवेदना एवं गम्भीरता से आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

इस वर्ष श्रीकृष्णजन्माष्टमी के अवसर पर विहिप की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में होने वाले विशेष जनजागरण कार्यक्रमों की योजना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि विगत 60 वर्षों से विहिप समाज मे सेवा, समरसता, सुरक्षा तथा धार्मिक जागरण हेतु निरन्तर कार्य कर रहा है, आज भारत सहित विश्व के अनेक देशों में विहिप के कार्य चल रहे है जिससे हिन्दू समाज संगठित होकर एकता के सूत्र में बंधा है।

उन्होंने बताया कि षष्ठिपूर्ति वर्ष के निमित्त संगठन ने देशभर में प्रखण्ड स्तर तक विविध कार्यक्रमों व गतिविधियों की योजना बनाई है जिसके द्वारा हर हिन्दू परिवार तक संगठन अपनी उपस्थिति देगा। उन्होंने वर्तमान में टूटते परिवारों की स्थिति पर कुटुंब प्रबोधन व घरों में धार्मिक वातावरण की आवश्यकता पर बल देकर कहा कि यह भी हमारा प्रमुख कार्य है जिस पर काम हो रहा है। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण जो अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है षष्ठिपूर्ति वर्ष में इस भाव से समाज को जोड़ने व हिन्दू समाज के सर्वांगीण उत्कर्ष को लेकर विहिप संकल्पबद्ध है।

उन्होंने बताया कि भारत मे निवासरत हिन्दू शरणार्थियों की नागरिकता हेतु भारत सरकार की योजना में विश्व हिंदू परिषद द्वारा पूर्ण सहयोग कर उनकी नागरिकता दिलाने का कार्य भी किया जा रहा है।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न

**जालोर**, (कासं)। जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय सीनियर ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता रविवार को विद्या भारती स्कूल के खेल मैदान में सम्पन हुई।

शिक्षाविद केएन भाटी, जिला तीरन्दाजी संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार व जिला वुशू संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य के सानिध्य में सम्पन्न हुई, इस प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड के चेम्पियन कांतिलाल को सबसे तेज धावक का खिताब मिला। दूसरे पर महावीर सेन व तीसरे स्थान पर भावेश त्रिपाठी रहे।इसी प्रकार 10,000 मीटर दौड जीतकर लक्ष्मण पुरी ने लम्बी दूरी के धावक का खिताब जीता। वैरसीराम दूसरे व धनाराम तीसरे स्थान पर रहे।प्रतियोगिता के अन्य परिणामों की जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल व सचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि 200 मीटर दौड में नरपत कुमार, शाहरुख, दिलीप, 400मीटर दौड़ में आरिफ, चतराराम, कानाराम, 1500 मीटर दौड़ में जितेन्द्र कुमार, ढोलाराम, हरीश कुमार, 5000 मीटर दौड़ में भमराराम, प्रीतम,ढोलाराम, लंबी कूद में नरपत कुमार, भावेश कुमार, चेतनराम,भाला फेंक में आकाश कुमार,सेजल कुमार,रणवीर,गोला फेंक में डॉक्टर जगदीश कुमार भीनमाल, कार्तिक,सुरेश कुमार,तस्तरी फेंक में डॉक्टर मुकेश जोशी भीनमाल,दिलीप, संजय सिंह व बालिकाओं की गोला फेंक में नैना टांक, ज्योत्सना, कविता ने क्रमशः प्रथम द्वितीय, तृतीय प्राप्त किया। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव कन्हैयालाल मिश्रा, मोहनलाल आर्य,घनश्याम देवासी, चिंकु देवी, कैलाशचंद्र,भावेश कुमार आदि मौजूद थे। चयनित खिलाडी 21 से 22 अगस्त तक श्रीगंगानगर में राजस्थान सीनियर ओपन एथलेटिक्स में भाग लेंगे।

# बुजुर्ग को कार ने कुचला

**जोधपुर**, (कासं) । घर के बाहर चारपाई पर सो रहे बुजुर्ग को बेकाबू कार ने अपनी चपेट में ले लिया। बुजुर्ग की चीख सुनकर घरवाले बाहर आए। लहूलुहान हालत में बुजुर्ग को अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामला जोधपुर के प्रताप नगर सदर थाना क्षेत्र के आखलिया चौराहा चौपासनी रोड का शनिवार देर रात 2:05 बजे का है।

थानाधिकारी सतीश कुमार ने बताया- बीती रात गुजरात नंबर की एक गाड़ी की टक्कर से घर के बाहर सो रहे जगदीश कुमार (60) की मौत हो गई। गाड़ी के नंबर के आधार पर पुलिस उसके ड्राइवर का पता लगा रही है। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजन को सौंप दिया।

## तिरंगा रैली आज

**पाली**, (नि.सं.)। स्केटिंग संघ अध्यक्ष आनंद कवाड व मुख्य सचिव अजय शर्मा ने बताया कि एक बार फिर से जिला स्केटिंग संघ एवं जिला प्रशासन व जिला खेल अधिकारी के निर्देशन में तिरंगा रैली निकली जाएगी। 12 अगस्त सुबह 8 बजे विवेकानंद सर्किल से सूरजपोल तक रैली रहेगी।

## नौ दिवसीय नमस्कार महामंत्र आराधना शुरू

**जोधपुर**, (कासं)। खेरादियो का बास स्थित श्री राजेन्द्र सूरि जैन ज्ञान मंदिर त्रिस्तुतिक पौषधशाला में साध्वी कारुण्य लताश्री की निश्रा में रविवार से नौ दिवसीय नमस्कार महामंत्र आराधना का शुभारंभ हुआ।

साध्वीश्री ने बताया कि इस महामंत्र को जैन धर्म में सबसे प्रभावशाली मंत्र माना जाता है। पवित्र आत्माओं को शुद्ध भावपूर्वक किया गया यह पंच नमस्कार सब पापों का नाश करने वाला है। कुल 68 अक्षरों का यह महामंत्र समस्त कार्यों को सिद्ध करने वाला व कल्याणकारी अनादि सिद्ध मंत्र है। इसकी आराधना करने वाला स्वर्ग और मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। इस मंत्र का कोई रचयिता नहीं हैं, ये शाश्वत मंत्र है। संघ मंत्री सुरेश लूंकड़ ने बताया कि त्रिस्तुतिक संघ में 63 वर्ष से एवं संघ भवन की स्थापना के 51 वर्ष से नमस्कार महामंत्र की नौ दिवसीय आराधना चातुर्मास में नियमित रूप से चल रही हैं । संघ प्रवक्ता कमल बाफना ने बताया कि रविवार को परमात्मा, नमस्कार महामंत्र पट्ट एवं गुरुदेव फोटो की स्थापना कर 68 पाटलों पर नमस्कार महामन्त्र के यन्त्र रख कर 108 नमस्कार महामन्त्र का घोष जाप और वासक्षेप पूजा की गई। प्रथम दिन एक लाख एक हज़ार नमस्कार महामंत्र का जाप किया गया।

# चिकित्सा परामर्श शिविर लगा



**माहेश्वरी हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर ने चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन विश्वकर्मा सुथार समाज संस्थान सुथारपाडा में किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। माहेश्वरी हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में निस्वार्थ सेवा एवं व्यवस्था करने वाले ग्वाल सांवल ने बताया कि माहेश्वरी हास्पिटल द्वारा निशुल्क चिकित्सा परामर्श केम्प का आयोजन विश्वकर्मा सुथार समाज संस्थान सुथारपाडा में रविवार को सम्पन हुआ।

शिविर में 88 मरीजों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया और बीपी और शुगर की निशुल्क जांच की गई। शिविर मे डॉ इंन्द्रा बी शर्मा वरिष्ठ फिजिसियन, डॉ. दीपिका खत्री स्त्री रोग विशेषज्ञ,डॉ चन्द्रिका जोशी शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ बी एल शर्मा आर एम ओ द्वारा निशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया गया। विश्वकर्मा सुथार समाज भवन मे सुथार समाज अध्यक्ष गुमानाराम कनोई, डुगरदास सुथार, शंकरलाल अड़बाला, राधेश्याम सलूनआदि वरिष्ठजनों द्वारा डॉक्टर्स को शाल ओढ़ाकर तथा जगदीश बिसानी, मुकेश नागोरी, महेश भूतडा , मनोहरलाल केला , अमृत मोहता का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

आसुराम सुथार, खेताराम नेहडाई, आईदान सुथार, मोहनलाल सुथार, जगदीश सुथार कनोई, नरेन्द्र कुमार, नवीन सुथार, कमल सैन तथा सुथार समाज व्यवस्थापक आनंद सलून, सह व्यवस्थापक सी.पी.सुथार का विशेष सहयोग रहा। ग्वालदास सांवल ने केम्प मे सुथार समाज अध्यक्ष गुमानाराम सुथार व सुथार समाज के सभी वरिष्ठजन पदाधिकारियों का व्यवस्था में सहयोग करने पर माहेश्वरी हॉस्पिटल की ओर से आभार प्रकट किया।

## के.के. विश्नोई का स्वागत किया

**धोरीमन्ना**, (निसं)। धोरीमन्ना शनिवार को उधोग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री गुडामालानी विधायक के के विश्नोई का स्वागत किया गया।

बाडमेर से रवाना होकर मांगता, दुधू ,माजीसा मंदिर में स्वागत किया गया राज्य बजट में नगरपालिका धोरीमन्ना , गुडामालानी ,खारी पीएससी, जालबेरी ऑफिस, धुंधलेश्वर महादेव मंदिर पर पर्यटन स्थल की घोषणा के बाद पहली बार राज्यमंत्री गुडामालानी विधायक के.के विश्नोई आगमन पर स्वागत किया गया

भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 21 किलो फूल मालाओं से स्वागत किया धोरीमन्ना के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान डाक बंगले में जनसुनवाई की गई।

इस मौके पर दाता बाबूलाल पुंगालिया, राणा कुलदीप सिंह , सुखराम खिलेरी, जयकिशन भादू अनिल सेठिया मनीष पुंगालिया रोहित जैन केसाराम सुथार, धनराज सिडोलिया, कंवर लाल बिश्नोई, हिरा लाल खत्री,सुरेश गिगल, गिरधारी लाल कुलदीप, जवानाराम गोसाईं, ओमप्रकाश गोसाईं, चनणाराम नामा, हरीराम मेगवाल,चेतन सन्त, ललित सखलेसा रामनिवास ढाका अशोक तेतरवाल, बबलू ढाका ज्वाला प्रसाद सारस्वत, जगदीश भार्गव, मघाराम नेण आसुराम गुरलिया, भवानी ,शंकर, पारीक सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण लोग व भाजपा कार्यकर्ताओं ने केके विश्नोई ने जनसुनवाई में आए परिवादियों का तुरन्त समाधान का आश्वासन दिया।

# भाजपा की बैठक में कार्यों व योजनाओं पर चर्चा की



**सांचौर में भाजपा नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक को पूर्व सांसद देवजी पटेल ने सम्बोधित किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भाजपा कार्यालय सांचोर में आयोजित नगर मंडल सांचोर की कार्यसमिति बैठक, भविष्य की कार्य योजनाओं व संगठन सम्बंधी विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के निर्देशानुसार मंडल स्तरीय कार्य समिति का आयोजन किया जाना है। जिसमें मानुसार सांचौर नगर मंडल कार्यसमिति का आयोजन सांचौर भाजपा कार्यालय में पूर्व सांसद देवजी पटेल तथा भाजपा नेता मिलापचंद जैन के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

पूर्व सांसद देवजी पटेल ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार आमजनता के हित में सदैव प्रतिबद्ध है। भाजपा नेता मिलापचंद जैन ने बताया कि भाजपा सरकार अपने संकल्प पत्र के वादों को धरातल पर साकार कर आमजन को राहत प्रदान की है।

नरपतसिंह अरणाय ने कार्यकर्ताओं एवं बूथ अध्यक्षों से आग्रह किया कि वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार - प्रसार कर आमजनता को फायदा पहुंचाने में सहायक बनें। नगर मंडल अध्यक्ष शंभुसिंह राव ने सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि संगठन में सभी सतत भागीदारी निभाते हुए राष्ट्र हित के उद्देश्यों को साकार करने में सहभागिता दर्ज कराएं।

विक्रम गवारिया ने राजनीतिक प्रस्ताव कार्यकर्ताओं के सम्मुख रखा तथा समर्थन महामंत्री मांगीलाल दर्जी ने करते हुए प्रदेश भाजपा की उपलब्धियों को पटल पर रखा। पूर्व सांसद देवजी पटेल, भाजपा वरिष्ठ नेता मिलापचंद जैन, भाजपा वरिष्ठ नेता नरपतसिंह अरणाय, जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड, प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ सह संयोजक शीला बिश्नोई, जिला मंत्री जोगाराम पुरोहित, मीडिया संयोजक भावेश सोनी, मंडल अध्यक्ष शंभूसिंह राव, केसुरी मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह मरटवा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाड सिंह राव, मंडल प्रभारी अमराराम देवासी, मंडल प्रभारी गोविंद पुरोहित, चुन्नीलाल खेजडियाली, भोमाराम पुरोहित, रूपाराम गहलोत, दलपत सिंह रनोदर, मंडल महामंत्री मांगीलाल दर्जी, विक्रम गवारिया, अशोक पढयार, मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हरिया देवासी, शायब खान, दुर्गाराम बेनीवाल, लक्ष्मीचंद गोयल, भीखाराम विश्नोई, मोदाराम बुंनकर, छोगाराम भील, सूरज कंवर सहित कई जने उपस्थित रहे।